तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 आपका एक मत बड़ा बदलाव ला सकता है : शास्त्री




12 शासकीय विद्यालय खैरझिटी कला में मनाया...



## खबर संक्षेप

### जिला मुख्यालय में विधायक ललित चंद्राकर फहराएंगे राष्ट्रध्वज तिरंगा

**बालोद।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर 26 जनवरी को स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विधायक श्री चन्द्राकर सुबह 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराएंगे।उसके बाद प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान होगा। प्रातः 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की झाँकी का प्रदर्शन होगा। 11:10 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### ग्राम चौरेल में माघी पुन्नी मेला महोत्सव 10 फरवरी से

**बालोद।** न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्ति पीठ एवं ग्रामवासी चौरेल द्वारा गौरैया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। इसके तहत अमृत स्नान एवं रूद्राभिषेक का आयोजन 12 फरवरी को प्रातः 4 बजे से किया गया है। संगीतमय हरिकीर्तन श्री महेश्वरानंद महराज का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से किया गया है। 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सुर झंकार का कार्यक्रम रखा गया है। बताया जाता है कि प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थ गौरेया धाम 1100 वर्ष पुराना है, जिसका निर्माण हैहयवंशी राजाओं द्वारा कराया गया है। यहां 9वीं से 11वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं। यहां प्रति वर्ष गौरेया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग तांदुला नदी, जुझारा एवं सूखा नाला के पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाते हैं।

### ग्राम धोबनपुरी में श्री शिव महापुराण कथा 25 फरवरी से

**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 25 फरवरी से 01 मार्च तक किया गया है। कथावाचक पंडित अशोक कृष्ण शर्मा होंगे। कथा परायण पूजन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक व कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 25 फरवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महात्तम कथा के साथ होगी। 26 फरवरी को हिमालय प्रसंग प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक होगी। 27 फरवरी को महादेव चरित्र, 28 को शिव-पार्वती विवाह, 29 को द्वादशलिंग कथा, हवन पूजन, भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

## चुनाव : त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकाय चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने जारी की चिन्हों की सूची

# सरपंच पहनेंगे चश्मा, जनपद सदस्य बजाएंगे ढोलक...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में स्थानीय निर्वाचन के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चुनाव की तिथि की घोषणा हो गई । आचार संहिता के लागू होते ही चुनावी रण में उतरने वालों की धड़कनें तेज हो गई हैं। वहीं, दूसरी ओर त्रिस्तरीय पंचायत और नगरी निकाय के लिए के जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच तक व नगर पालिका, नगर पंचायत में पार्षद पद के लिए चुनाव चिन्ह की लिस्ट तैयार है।

जनपद पंचायत सदस्य के प्रत्याशियों के लिए 23 प्रकार के चुनाव चिन्ह है जिसमें ब्लैकबोर्ड, बरगद का पेड, झोपड़ी ,टेक्टर चलाता हुआ किसान, तराजू, फसल काटता हुआ किसान, मशाल, अलमारी, छत का पंखा, टेलीविजन, रेल का इंजन, टेलीफोन, डीजल पंप, प्रेशर कुकर, कप प्लेट, लेटर वाक्स, आरी, कंघी, बोलक, इम, भो, चारपाई, दरवाजा का चुनाम चिन्ह मिलेगा।

निर्वाचन आयोग ने सरपंच पद के लिए 24 प्रकार के चुनाव चिन्ह रखे हैं। जिसमें चश्मा, कांच का गिलास, फलों सहित नारियल का पेड़, हस्तचलित पंखा, ताला और चाबी, अनाज बरसाता हुआ किसान, सब्जियों की टोकरी, घंटी, टेबल लैंप, खंभे पर ट्यूब लाइट, हार, किताब, स्टूल, कलम दवात, कुआं, गेहूं की बाली, बस, पुल, बल, जग, हॉकी, गेंद, टोपी, वायलिन है ।

### जिला पंचायत के लिए 37 चुनाव चिन्ह

जिला पंचायत चुनाव में पार्टी चुनाव चिन्ह नहीं रहता, परंतु प्रत्याशी राजनीतिक दल से अधिकृत रूप से समर्थित रहता है। जिला पंचायत सदस्यों के लिए प्रतीक चिन्ह की सूची निर्वाचन आयोग ने निर्धारित की है। इनमें दो पत्ती, सूरज, पतंग, छाता, गाड़ी, फ़ावड़ा बेलवा, बिजली का बल्ब, सिलाई मशीन, हाथ चक्की, टेबल पंखा, स्लेट, रेडियो, हारमोनियम, तलवार और ढाल, पिचकारी, मटका, अंगूठी, ताला चाबी, मोमबत्ती, कढ़ाई, सिटी, सिर पर टोकरी सहित महिला, नाव, बेंच, गैस सिलेंडर, गैस स्टोव, सिगड़ी, संडसी, गैस बत्ती, गुब्बारा, मेज, कुर्सी, मोर पंख, पीपल का पत्ता, सूरजमुखी का चुनाव चिन्ह जिला पंचायत



### पार्षद उड़ाएंगे पतंग

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरी निकाय के राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह के अलावा 30 प्रकार के चुनाव चिन्ह रखे हैं। इनमें निर्दलीय पार्षद चुनाव लड़ने वालों के लिए दो पत्ती, उगता सूरज, सीढ़ी, पतंग, तराजू, छाता, बिजली बल्ब, सीलिंग फैन, ताला-चाबी, सिलाई मशीन, झोपड़ी, नाव, स्कूटर, जीप, रेल का इंजन, ब्लैक बोर्ड, टेलीविजन ,टेलीफोन, वायुयान, बरगद का पेड़, लेटर बॉक्स, अलमारी, हॉकी, तलवार ढाल, चश्मा, नारियल का पेड़, कप प्लेट, मोमबत्ती, संडसी, जग, कढ़ाई, गुब्बारा, लड़का और लड़की, वायलिन, मोर पंख, बल्ला, सिगड़ी, ट्रैक्टर चलाता किसान का प्रतीक चिन्ह मिलेगा।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# चुनाव के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के नगरीय निकाय चुनाव के लिए शनिवार जिला मुख्यालय स्थित दो प्रशिक्षण केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवलाल राठी स्कूल में जिले के लगभग 1011 शिक्षकों/व्याख्याता/कर्मचारियों को मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। मशीन से वोट कराने, सही सही मशीन का संचालन, कागज तैयार करना, विभिन्न प्रकार के लिफाफा तैयार कराना, बूथ स्तर पर कार्य संपादन, पहले दिन की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मतदान की समाप्ति के बाद की तैयारी, मतदान के बाद के कार्यों का निर्वहन का सभी कर्मचारियों को बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। राठी विद्यालय में 12 कमरों में और कन्या विद्यालय में 11 कमरों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक कक्ष में दो-दो मास्टर ट्रेनरों की व्यवस्था की गई थी। जिन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रिया को बारीकी को समझाया।प्रशिक्षण के अंत में सभी कर्मचारियों के लिए निर्वाचन संबंधी ऑनलाइन प्रश्न भी दिये गये। जिसे सभी प्रशिक्षार्थियों ने हल किया। सभी प्रशिक्षार्थियों ने मतदान मशीन को संचालित करके व वोट डालकर भी अभ्यास किये। सभी सील पेपर के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेष तौर पर मतपत्र लेखा और पीठसीन की डायरी को सभी प्रशिक्षार्थियों को अच्छे से समझाया गया। कन्या विद्यालय बेमेतरा में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सिलोचन साहू, भुवन लाल साहू, महेश साहू ने सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षण के संबंध में मार्गदर्शन भी दिये।वही शिवलाल राठी विद्यालय में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सुनील झा, डी आर साहू और ईश्वर साहू ने प्रशिक्षण के संबंध में मार्गदर्शन दिया।



**प्रशिक्षण में ये रहे शामिल**

शिवलाल राठी विद्यालय में कुल 552 प्रशिक्षार्थियों में से 526 उपस्थित हुए। जबकि 26 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह से कन्या विद्यालय बेमेतरा में 493 में 485 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे और 8 अनुपस्थित रहे इस तरह दोनों विद्यालय मिलकर 1045 प्रशिक्षार्थियों में से 1011 प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। वहीं, 34 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किए और आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले, एपीसी भूपेंद्र साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, सहित कन्या विद्यालय की प्राचार्य कविता बाजपेयी भी उपस्थित थे।

# नाम निर्देशन पत्र लेने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत पत्रों की बारीकी से जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- नाम निर्देशन पत्र लेने के लिए की गई 10 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत के वार्ड पंच और सरपंच पद के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने के लिए जनपद पंचायत बेमेतरा में व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसके लिए 10 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ए.ए.आर.ओ) की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक ए.ए.आर.ओ के सहयोग के लिए एक मास्टर ट्रेनर सहित तीन-तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शनिवार जनपद पंचायत बेमेतरा की रिटर्निंग ऑफिसर दिव्या पोटाई के मार्गदर्शन में ए.ए.आर.ओ और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की हिदायत दी गई। नाम निर्देशन पत्र लेने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत पत्रों की बारीकी से जांच करने पर जोर दिया गया ताकि किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधारा जा सके।

**सरपंच पद :** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रारूप 4 ख में नाम निर्देशन पत्र भरना होगा, जिसके लिए 1000 रुपए जमा करने होंगे। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 500 रुपए होगा। साथ ही, सरपंच पद के अभ्यर्थियों को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वार्ड पंच पद के लिए ग्राम पंचायत के किसी भी वार्ड का अभ्यर्थी प्रत्याशी हो सकता है, लेकिन प्रस्तावक का संबंधित वार्ड से होना अनिवार्य होगा।

**नाम वापसी :** 6 फरवरी 2025 को संबंधित सेक्टर में नाम वापसी की जा सकेगी, जिसके बाद प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण सत्र में जनपद पंचायत बेमेतरा के ए.आर.ओ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार और राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख भी उपस्थित थे।



### नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया

वार्ड पंच पद : सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 4 क में भरना होगा, और इसके लिए 50 रुपए जमा करना होगा। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 25 रुपए निर्धारित किया गया है।

### नाम निर्देशन पत्र जमा करने के केंद्र

नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु ग्राम पंचायत छिरहा, उमरिया, खंडसरा, झाल, बालसमुद, चंदनू, बावामोहतरा, जेवरा, बीपीआरसी भवन, और जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष को केंद्र बनाया गया है। जनपद पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु कार्यालय जनपद पंचायत के कक्ष क्रमांक 1 को केंद्र निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक, दोपहर 3 बजे तक। एवं संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष में।

# जिला जेल में विचाराधीन बंदियों को दिया गया स्वास्थ्य परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत लगाया गया शिविर

जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा/"निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का आयोजन बीते वर्ष 07 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज किया जाना है। सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के आदेश एवं जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम डी टी ओ डॉ अशोक कुमार बसोड के मार्गदर्शन पर साथ में जिला एड्स नियंत्रण ▶▶शेष पेज 12 पर



# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मनाया सारथी दिवस पर वाहन चालकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में सारथी दिवस (ड्राइवर दिवस) का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मानित करना था। कार्यक्रम के दौरान बेमेतरा पुलिस और जिला परिवहन विभाग की टीम ने उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा और जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत की उपस्थिति में ई-रिक्शा, ऑटो, पिकअप, स्कूल बस और बस के चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह यातायात बेमेतरा कार्यालय परिसर, एकेडमिक स्कूल, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, एलांस स्कूल और बस स्टैंड में आयोजित किया गया। इस प्रकार, यह सारथी दिवस न केवल वाहन चालकों के लिए सम्मान का दिन बना, बल्कि आम जनता के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग से निरीक्षक रामचंद कुंजाम, प्रवीण कुमार साहू, यातायात बेमेतरा से सउनि भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू, दौलत वर्मा, आर. बसंत यादव, राजेश साहू, पारसमणि साहू, अजय साहू, आशीष ▶▶शेष पेज 12 पर




बेमेतरा पुलिस और जिला परिवहन विभाग ने किया आयोजन

# सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत

**बालोद।** झलमला से बालोद मुख्य मार्ग पर गंगा मैया मंदिर झलमला के पास गुरुवार की सुबह कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए थे और दोनों युवक का पैर फैक्चर हो गया था। उनमें से एक युवक निकेश साहू 22 वर्ष की शनिवार को रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, दूसरे युवक छत्रपाल देवदास 24 वर्ष का बालोद के अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों युवक ग्राम अंगारी निवासी बताए जा रहे हैं। बता दें कि दोनों युवक गुरुवार को बाइक क्रमांक सीजी 24 वी 5340 से बालोद से झलमला की ओर जा रहे थे। वहीं, कार क्रमांक सीजी 04 एनवी 8287 दुर्ग से बालोद की ओर जा रही थी, तभी गंगा मैया मंदिर के पास दोनों में भिड़ंत हो गई। कार और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस मामले में कोतवाली थाना में छत्रपाल देवदास के पिता की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कृषि महाविद्यालय में किया गया आयोजन

# विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समझाया गया मतदाता दिवस का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कृषि महाविद्यालय ढोलिया में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण की सचिव निधि शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारत में चुनावों के प्रति नागरिकों की भागीदारी को बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2011 को शुरूआत किया गया था। मतदाताओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। इसके जरिए लोगों में चुनावी प्रक्रिया के प्रति जिम्मेदारी और संवदेनशीलता को बढ़ावा मिलता है। इसके अतिरिक्त पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, हिट एण्ड रन योजना, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 एवं आगामी लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश, श्रुति साहू द्वारा विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के जरिये विशेष दिवस को समझाया व सार्विका चतुर्वेदी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, पाक्सो एक्ट के संबंध में भी जानकारी दी। दिनेश तिवारी चीफ, एलएडीसी, मोतीलाल वर्मा डिप्टी चीफ, एलएडीसी, गीता दास असिस्टेंट, एलएडीसी, अमन दुबे असिस्टेंट, एलएडीसी बेमेतरा ने भी कहा कि मतदान करना अपना अधिकार है। साथ ही साथ किसी प्रलोभन में ना आकर जनता के हित में कार्य करने वाले उम्मीदवार का चयन करना हमारा कर्तव्य है। उक्त कार्यकम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. टीडी साहू, समस्त सहायक प्राध्यापक व छात्र-छात्राएँ एवं प्राधिकरण के पैरालिगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) उपस्थित रहे।




### ग्राम बोड़रा में कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा पलटन कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी द्वारा 29 जनवरी को किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। इसके साथ ही बेस्ट ऑलराउडर, बेस्ट डिफेंटर, बेस्ट रेडर के लिए 251 रूपये का पुरस्कार रखा गया है। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी में समिति के सत्यवान निशाद, रविशंकर निशाद, अतिम साहू, तरूण साहू, जयंत, युवराज, रितीक रोशन, उमाकांत, प्रवीन, अमन, रघुवीर, करण, लोकेन्द्र, बालकृष्ण, मयंक सिन्हा, एकलव्य, बालकृष्ण आशीष सहित अन्य ग्रामीण लगे हुए हैं।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बारगांव
(पंजीयन क्रमांक - 382)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

नरेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष

अनिल कुमार यादव
सहायक समिति प्रबंधक

सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, आनंदगांव
(पंजीयन क्रमांक - 591)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

होरी लाल साहू
अध्यक्ष

संदीप साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सरदा
(पंजीयन क्रमांक - 914)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

लखन लाल साहू
अध्यक्ष

लेखराम साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सिलघट
(पंजीयन क्रमांक - 3)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

तिलोचन प्रसाद वर्मा
अध्यक्ष

मदनलाल
शाखा प्रबंधक, भिंभौरी

नरेश साहू
सहायक समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कठिया
(पंजीयन क्रमांक - 1138)

जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

ताराचंद साहू
अध्यक्ष

जगनाथ प्रसाद
कम्प्यूटर ऑपरेटर

एम.सी. अनंत
शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, हसदा
(पंजीयन क्रमांक - 2033)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

प्रकाश कुमार वर्मा
अध्यक्ष

देवलाल सिन्हा
सहायक समित प्रबंधक

कृष्ण कुमार यादव
शाखा प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, किरीतपुर
(पंजीयन क्रमांक - 386)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

सुन्दर यादव
अध्यक्ष

एम.सी. अनंत
शाखा प्रबंधक

तेजराम साहू
सहायक समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सल्धा
(पंजीयन क्रमांक - 378)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



बिसन साहू
अध्यक्ष

रविकांत जगदल्ले
शाखा प्रबंधक

तीजऊराम निर्मलकर
समिति प्रबंधक

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चोगीखपरी
(पंजीयन क्रमांक - 377)

जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



हरेन्द्र यादव
अध्यक्ष

हीरालाल पटेल
शाखा प्रबंधक

नरसिंग साहू
सहायक समिति प्रबंधक

आशीष राजपूत, अजय निषाद (कम्प्यूटर ऑपरेटर), कौशल कुमार, मनोज निषाद

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कुसमी
(पंजीयन क्रमांक - 381)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

बृजमोहन साहू
अध्यक्ष

सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक

रामकरण वर्मा
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, देवरबीजा
(पंजीयन क्रमांक – 1251 )



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

संजीव तिवारी
अध्यक्ष

जीवराखन साहू
समित प्रबंधक

जीवन ठाकुर
शाखा प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, अछोली
(पंजीयन क्रमांक - 383 )



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

सनत कुमार सेन
अध्यक्ष

सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक

मनहरण साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बेरला
(पंजीयन क्रमांक - 922)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

शैलेश महेश्वरी
अध्यक्ष

कमलनारायण शर्मा
शाखा प्रबंधक

सुखउ राम कुंभकार
सहायक समित प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, भिभौरी
(पंजीयन क्रमांक - 990)

जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

विश्राम निषाद
अध्यक्ष

मदन लाल
शाखा प्रबंधक

ललित कुमार सिन्हा
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, मावलीभाठा
(पंजीयन क्रमांक - 384)



जिलावासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



पिताम्बर साहू
अध्यक्ष

कृष्ण कुमार यादव
शाखा प्रबंधक

गिरीश यादव
सहायक समिति प्रबंधक



सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा प्राधिकृत अध्यक्ष,
शाखा प्रबंधक एवं समिति कर्मचारियों की ओर से प्रदेश वासियों को
26 जनवरी, गणतंत्र दिवस
की ढ़ेर सारी बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति मर्यादित
मोहभट्ठा पंजीयन क्रमांक 671
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा, हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।



सुनील सिंह राजपूत
प्राधिकृत अध्यक्ष

पवन निषाद (स.स.प्र.)
समिति प्रबंधक

सौजन्य :- समस्त कृषकगण सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहभट्ठा, बेरला।



सेवा सहकारी समिति मर्यादित सलधा अध्यक्ष,
समिति प्रबंधक एवं समिति कर्मचारियों की ओर से प्रदेश वासियों को
26 जनवरी, गणतंत्र दिवस
की ढ़ेर सारी बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति
मर्यादित सलधा
पंजीयन क्रमांक 378





बिशन साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष

टीआर निर्मलकर
समिति प्रबंधक

## खबर संक्षेप



### डीहपारा बासीन स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकास खण्ड साजा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बच्चों को बताया कि वर्ष 2011 में 25 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप मनाने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद से ही प्रत्येक वर्ष इसे मनाया जाता है। चूंकि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां मतदान एवं मतदाता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व के किसी भी एक राष्ट्र में सर्वाधिक मतदाता भारत में ही है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का ध्येय भारत जन सामान्य के मध्य मतदान को लेकर जागरूकता लाना है। इस वर्ष आयोग द्वारा मतदाता दिवस हेतु "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" थीम जारी किया गया है। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है। इस अवसर पर पुन्नी लाल ठाकुर, रेखा बाई जमुना ठाकुर, शिक्षिका सीमा रानी देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### नशे की दवा के साथ आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि ग्राम महमरा के पास युवक एक्टिवा में सवार होकर नशे की दवा बेचने की जानकारी मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ा पूछताछ करने पर उसने वार्ड 12 चिखली राजनांदगांव निवासी अंकित सिंह राजपुत नाम बताया है। युवक के पास से पुलिस ने 7200 नशे की दवा एल्फाजोलम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 17 हजार 828 रुपए का आंकी गई है। साथ ही एक्टिवा, मोबाइल भी बरामद किया है। घटना अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

**जागरूकता :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने नव मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

# आपका एक मत बड़ा बदलाव ला सकता है : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन लक्ष्मण प्रसाद बैध गर्ल्स कॉलेज में"राष्ट्रीय मतदाता दिवस"मनाया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्रीय के मुख्यअतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर युवा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अंकिता गर्ग, एस डी एम दिव्या पोटाई,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोहित, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा सहित महाविद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री शास्त्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस दौरान श्री शास्त्री ने मतदाताओं खासकर नए मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाने के साथ सभी चुनावों में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "आपका एक मत बड़ा बदलाव ला सकता है। बिना भय और लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करें ओर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई और समाज को बेहतर बनाने के लिए जिम्मेदारी से मतदान करने की अपील की। साथ ही, जिन्होंने अभी तक अपना मतदाता पहचान पत्र नहीं बनवाया है, उनसे जल्द से जल्द इसे बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और मताधिकार के महत्व पर जोर दिया। कहा कि /"राष्ट्रीय मतदाता दिवस/" केवल एक औपचारिक दिन नहीं है, बल्कि यह दिन हमें हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। श्री शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का वोट अमूल्य है, और इसे सही समय पर, सही तरीके से उपयोग करना हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है कि हम कैसे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। न्यायाधीश ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य हैं, और नए मतदाताओं की भूमिका इसमें सबसे अहम है। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति मतदान नहीं करता, वह अपने अधिकार का सही इस्तेमाल नहीं कर रहा। लोकतंत्र में हर एक वोट की शक्ति होती है, और इसका सही प्रयोग करना हमारा कर्तव्य है।

■ शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

### नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र और मताधिकार के महत्व को रोचक और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करना था। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने आम जनता को मतदान के अधिकार और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर नागरिक का वोट न केवल उसकी राय का प्रतिबिंब है, बल्कि एक बेहतर भविष्य के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भागीदारी भी है। इसके बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए, जो मतदाता जागरूकता और लोकतंत्र की महत्ता पर आधारित थे। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश बड़े ही प्रभावी तरीके से पहुंचाया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील झा ने किया।




### लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सबकी भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने मतदाताओं और नए मतदाताओं तथा कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को बेहद महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जागव बोटर जाबो अभियान के तहत मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रंगोली, पोस्टर ड्राइंग और मॉडल प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने इन प्रदर्शनों का अवलोकन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिले के भिभोरो कॉलेज के प्रोफेसर एवं जबो नोडल गिरधर सिंह भारद्वाज सहित तीन बूथ लेबल ऑफिसर साजा,रोजगार सहायक हेमकुमारी डौंडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमोत्री लहरी और रोजगार सहायक नवागढ़ आनंद कुमार डाहीरे को नगद राशि से पुरस्कृत किया। वहीं, कन्या महाविद्यालय की स्वीप नोडल प्रोफेसर डॉ. मेघा तिवारी को भी सम्मानित किया गया। पोस्टर ड्राइंग में प्रथम स्थान पर सुरेखा साइ, द्वितिय यामिनी साहू और तृतीय स्थान सिमरन रही। इसी प्रकार रंगोली में प्रथम स्थान गरिमा भारती, दूसर पर आहतऔर तीसरे पर आहति-संजना रही। वही स्वीप मॉडल के लिए प्रिया पाटिल को पुरस्कृत किया गया।

## शासकीय विद्यालय राखी में हुई रंगोली व चित्रकारी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राखी विकासखण्ड साजा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत अपने मताधिकार का प्रयोग सभी करें की थीम पर चित्रकारी, रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। इसमें बच्चों ने सुंदर सुंदर रंगोली बनाई। कुछ बच्चों ने मनमोहक चित्रकारी भी की। चित्रकारी में चंद्रेश और विषम्भसर, प्रेम सागर को प्रथम स्थान एवं सुनील और तुलसी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार रंगोली में सुधा, रश्मि और निशा को प्रथम और हेमिन, तोया अंजली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रधान पाठक गायत्री जोगी ने मतदान करके राष्ट्र निर्माण के कार्य को सफल बनाने के लिए विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक गायत्री जोगी, शिक्षिकाओं सरोज साहू, कम्लेश्वरी साहू, सुरेश साहू और बच्चों की पूर्ण सहभागिता रही।

## ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड में मतदाता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अभिहित अधिकारी विधि शर्मा एवं बीएलओ इंद्राणी सोनवानी ने गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके साथ ही गांव के नए मतदाताओं को चिन्हांकित कर उन्हें मतदान की शपथ दिलाई। शिक्षिका विधि शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को चुनई तिहार मनाना है। सारे काम छोड़कर मतदान करने आना है एवं अपने मत का उपयोग करके शासन के कार्यक्रम को सफल बनाना है। महिलाओं से अपील करते हुए अभिहित अधिकारी विधि शर्मा ने कहा कि आप सभी को स्वयं मतदान करना है और अपने साथ अपने घर के तथा आसपास के सभी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। बीएलओ ने भी सभी से अनुरोध किया कि 100 प्रतिशत मतदान करके चुनई तिहार मनाना है। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने भी मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चित्रेंद वर्मा, धर्मराज वर्मा, विशाल सेन, पंचवती यादव, रूखमणी, उर्मिला, मधु, करिश्मा, आदि उपस्थित थे।

शासकीय विद्यालय गुनरबोड़ में मनाया गया मतदाता दिवस



## दही-मही स्कूल के शिक्षकों व बच्चों ने निकाली मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



दही-मही स्कूल में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों ने गांव में रैली निकालकर लोगों को मतदान का महत्व समझाया । इसके साथ ही सभी लोगों से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख केपी साहू, शिक्षक महेश्वर श्रीवास, शिक्षिका जे ठाकुर, हेमलता साहू एवं प्राथमिक स्टाफ सहित पालक गण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### जिला जेल में...

कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ के.डी.साहू के दिशानिर्देश पर जिला जेल बेमेतरा में विचाराधीन बंदियों का परामर्शदाता पुरानिक नायक द्वारा टीबी,कुष्ठ रोग की स्कीनिंग एवं एचआईव्ही , सिफलिस, के परामर्श एवं रक्त जांच के लिए स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्त जांच शिविर आयोजित किया गया। इसके तहत जिला जेल बेमेतरा में सभी 131 विचाराधीन बंदियों का टीबी, कुष्ठ रोग का स्क्रीनिंग कर उक्त बीमारी के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ में 58 विचाराधीन बंदियों का एचआईवी एवं सिफलिस जानकारी प्रदान की गई। साथ ही परामर्श और रक्त जांच किया गया। उक्त अवसर पर जिला जेल बेमेतरा प्रभारी दिनेश चंद्र ध्रुव, एनजीओ प्रतिनिधि राहुल वर्मा, जिला जेल बेमेतरा से फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे और जेल प्रहरी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य परामर्श एवं रक्त जांच शिविर में जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से पुराणिक नायक (आईसीटीसी काउंसलर) संजय तिवारी (आईसीटीसी एमएलटी) ने स्क्रीनिंग, परामर्श एवं रक्त जांच में सेवाएं प्रदान की।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा...

तिवारी, भोलाराम मरावी, मुकेश राजपूत, भूपेंद्र सिंह व जिला परिवहन विभाग एवं यातायात बेमेतरा पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

**यातायात नियमों का पालन करने की अपील-** इस अवसर पर चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई। उन्हें बताया गया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, गति सीमा का पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करें, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, और हेलमेट का सही तरीके से प्रयोग करें। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों से संबंधित पांपलेट भी वितरित किए गए। इसके जरिए वाहन चालकों को यह संदेश दिया गया कि सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और वाहन नियंत्रित गति में ही चलाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**सार्वजनिक अपील और जागरूकता अभियान-** बेमेतरा पुलिस ने आम जनता से अपील की कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। तेज गति से वाहन न चलाएं, मोबाइल फोन का उपयोग ड्राइविंग के दौरान न करें, और कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। बेमेतरा पुलिस द्वारा अंजोर रथ और अन्य माध्यमों से यातायात जागरूकता अभियान भी जारी रहेगा। **गुड सेमिरिटन (अच्छा मददगार) बनने का संदेश-** इस अवसर पर जनता से यह भी अपील की गई कि अगर वे सड़क दुर्घटना के किसी भी घटनास्थल पर मौजूद हों तो मानवता का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति की मदद करें। उन्हें अस्पताल तक पहुँचाने में या एंबुलेंस को सूचित करने में संकोच न करें। साथ ही, यह स्पष्ट किया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को पुलिस या अस्पताल द्वारा किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## शासकीय विद्यालय खैरझिटी कला में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया।



समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी कला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टाफ के सभी कर्मचारी, अभिभावकों एवं बच्चों ने शपथ ली। शपथ के मौके पर बताया गया कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिकों को मतदान करने का पूर्ण अधिकार है। अपने अधिकार को समझें एवं मतदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। चुनाव के दौरान हमें आपस में लड़ाई झगड़ा से बचना है और शांति पूर्ण मतदान करने को गांव में एवं क्षेत्रवासी के नागरिकों को प्रेरित करना है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक ताम्रकार, एमएन नेताम, एसबी साहू, बी साहू, डीसी साहू, एजी मारकंडे, डीके श्रीवास, के पटेल, डी पटेल एवं प्राथमिक शाला समिति के पालक और सभी बच्चे उपस्थित थे।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130